हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कल एक बड़ा हादसा टल गया। हैदराबाद से आई इंडिगो की एक फ़्लाइट के अंदर कथित तौर पर एक पावर बैंक में आग लग गई, जिससे जहाज में धुआं फैल गया और यात्रियों में अफ़रा-तफ़री मच गई। इस घटना में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरियाणा के जनगणना निदेशक डॉ. ललित जैन ने कल शाम जींद में "हमारी जनगणना, हमारा विकास' के प्रथम चरण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनगणना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के व्यक्तिगत एवं पारिवारिक डेटा को सटीक रूप से संकलित करना है, ताकि भविष्य की सरकारी योजनाओं और नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सके।
पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए डॉ ललित जैन ने कहा कि इस चरण में सभी घरों की गिनती की जाएगी।

जनगणना 2026 को लेकर फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन ने सख्य रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी धीरेन्द्र खड़गटा ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियो ंपर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में फरीदाबाद स्थित डीएवी मैनेजमेंट कॉलेज से जनगणना कार्य के लिए नियुक्त 9 सुपरवाइज़र के खिलाफ FIR दर्ज कराने और उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश, कॉलेज प्रबंधन को जारी किए गए हैं।

पंचकूला में आगामी 10 मई को होने वाले नगर निगम चुनाव को निष्पक्ष, सुरक्षित और शांतिपूर्ण □ग से संपन्न कराने के लिए लगभग 1200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पुलिस आयुक्त शिवास कविराज ने बताया कि जिले में 85 स्थानों पर बने 204 बूथों पर मतदान होना है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 36 बूथों को संवेदनशील और 59 बूथों को अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और स्वैट कमांडो की तैनाती की जाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नादेंड़ के लिए एक विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रा के लिए रवाना किया। यह तीर्थयात्रा 5 मई से 10 मई तक चलेगी, जिसमें श्रद्धालुओं को दर्शन करवाकर वापस लाना सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। इस रेलगाड़ी में कुरुक्षेत्र, कैथल, अम्बाला और यमुनानगर से 210 श्रद्धालु यात्रा में गए हैं। इसके अलावा पानीपत, सोनीपत, रोहतक, जींद, करनाल, फरीदाबाद, और पलवल सहित अन्य जिलों से लगभग 830 श्रद्धालु भी इस यात्रा में गए हैं।

महिला मोर्चा द्वारा कल शाम अंबाला में विपक्ष द्वारा संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने के खिलाफ महिला आक्रोश मशाल यात्रा निकाली गई।
यात्रा में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति इस अपमान को कभी नहीं भूलेगी।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब महिलाओं की भागीदारी और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं लोकसभा और विधानसभा में अधिक संख्या में पहुंचेंगी तो देश के विकास गति और तेज होगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो ठान लेते हैं उसे पूरा करके रहते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलकर रहेगा।
भिवानी ज़िले में आगामी द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल एवं प्रभावी आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 मई को पूर्व लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भिवानी वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र के परिसर में होगा, जहां विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें आपसी सहमति के आधार पर निपटाने का प्रयास किया जाएगा।

स्थायी लोक अदालत भिवानी की सदस्य सुमन बजाड़ ने बताया कि पूर्व लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य उन मामलों की पहचान करना है, जिन्हें सुलह एवं समझौते के माध्यम से आसानी से निपटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल मुख्य राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलक्ष और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

==================================